# —: कार्यालय :—

## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

Email –dfo-latehar@gov.in

Mobile No. – 8987790240

Pin Code - 829206


पत्रांक 371 / दिनांक 24.02.25 /

सेवा में,

हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड,
चकला कोल ब्लॉक, कंचन नगरी,
होटल मन्नत के नजदीक, चंदवा
जिला–लातेहार, झारखण्ड (829203)

विषय : मेसर्स हिण्डाल्को इन्डस्ट्रीज लि0 द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् लातेहार वन प्रमण्डल अंतर्गत चकला कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग निर्माण हेतु 6.80 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 771 दिनांक 21.08.2024 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 1295 दिनांक 27.08.2024, पत्रांक 1474 दिनांक 20.09.2024, पत्रांक 79 दिनांक 13.01.2025 एवं आपका पत्रांक 124 दिनांक 13.01.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि मेसर्स हिण्डाल्को इन्डस्ट्रीज लि0 द्वारा चकला कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित रेल मार्ग एवं सड़क निर्माण हेतु अधिसूचित वन भूमि 6.18 हे0, जंगल–झाड़ी भूमि 0.62 हे0 कुल 6.80 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 771 दिनांक 21.08.2024 द्वारा पृच्छा की गयी है। किये गये पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन आपका पत्रांक 124 दिनांक 13.01.2025 द्वारा समर्पित किया गया है। समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन के **पृच्छा संख्या–1** में आपके द्वारा Component wise breakup में स्पष्ट नही किया गया है कि Rail & Road के लिए किस प्लॉट में कितना वन भूमि एवं गैर वन भूमि सन्निहित है। **पृच्छा संख्या–5** में आपके द्वारा समर्पित KML में मात्र दो Alignment Route दिखलाया गया है परन्तु हार्ड कॉपी में कुल तीन Route दिखलाए गए है इसे स्पष्ट किया जाय साथ ही राज्य सरकार द्वारा की गयी पृच्छा के आलोक में आपके द्वारा स्पष्ट किया गया है कि Option-2 निरीक्षण के उपरांत अत्यधिक ढलान एवं मोड़ होने के कारण रेल मार्ग हेतु Suitable नही पाया गया है। इस संबंध में सूचित करना है कि इस तरह का वैकल्पिक मार्ग देने का क्या औचित्य है, जबकि उसे उपयोग में नहीं लाया जा सके।

अतः प्रासंगिक पत्र द्वारा वांछित संपूर्ण निराकरण प्रतिवेदन वापस करते हुए अनुरोध है कि रेल एवं सड़क मार्ग के लिए वैकल्पिक मार्ग का KML एवं Hard Copy जिसमें अधिसूचित वन भूमि, जंगल–झाड़ी (Deemed Forest) एवं गैर वन भूमि को अलग–अलग रंग में दर्शाते हुए प्लॉट का विवरणी उपलब्ध करायी जाय।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

24.02.25

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

20.2.25